आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

**1910 गुरूवार** **01.08.2024**

मुख्य समाचारः–

1– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज जगदलपुर में महतारी वंदन योजना की छठवीं किश्त जारी की।

2– छत्तीसगढ़ की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त और विकसित बनाने पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग तथा ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया फाउंडेशन के बीच हुआ एमओयू।

3– प्रदेश के एकलव्य आवासीय विद्यालय में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग की प्रक्रिया शुरू।

4– मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान बिलासपुर और सरगुजा संभाग में एक–दो स्थानों पर भारी से अति भारी वर्षा होने की चेतावनी दी।

मुख्यमंत्री–बस्तर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज बस्तर जिले के प्रवास के दौरान जगदलपुर में आयोजित कार्यक्रम में महतारी वंदन योजना की छठवीं किश्त की राशि हितग्राहियों के खातों में ऑनलाइन अंतरित की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने महतारी वंदन ऐप भी लॉन्च किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने तीन हजार से अधिक महिला स्व–सहायता समूहों को स्वरोजगार के लिए सौ करोड़ रूपए का ऋण वितरित किया।

इससे पहले, मुख्यमंत्री ने बस्तर जिले में 'एक पेड़ मां के नाम' पौधारोपण अभियान की शुरुआत की।

वहीं, मुख्यमंत्री ने जल संरक्षण के प्रति बस्तरवासियों को जागरुक करने के उद्देश्य से जल शक्ति अभियान के तहत जगदलपुर से जागरूकता वाहन को झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वाहन जिले के सभी गांवों में जाकर जल संरक्षण के उपायों की जानकारी देते हुए आम नागरिकों को जागरूक करेगा।

जगदलपुर प्रवास के दौरान श्री साय ने महारानी जिला अस्पताल परिसर में प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र का शुभारंभ किया। इस केंद्र के खुलने से अब अस्पताल परिसर में ही मरीजों को सस्ती जेनेरिक दवाइयां मिल सकेंगी। उन्होंने अस्पताल परिसर में ही मरीजों को गुणवत्तापूर्ण आहार उपलब्ध करवाने के लिए स्थापित अन्नपूर्णा रसोईघर का भी लोकार्पण किया। इस रसोईघर का संचालन मां दन्तेश्वरी महिला स्व–सहायता समूह द्वारा किया जाएगा।

इसके अलावा मुख्यमंत्री ने दंतेश्वरी कन्या कॉलेज के सामने नये राजस्व कार्यालय परिसर में नवनिर्मित तीन अनुविभागीय दण्डाधिकारी कार्यालय–तथा लोहण्डीगुड़ा और बुरगुम थाने का भी लोकार्पण किया।

स्वप्निल कुसाले–कांस्य पदक

पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की पचास मीटर राइफल थ्री पोजिशन में स्वप्निल कुसाले ने कांस्य पदक जीता है। इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्वप्निल को शुभकामनाएं दी हैं। श्री साय ने अपने संदेश में कहा कि उनकी कड़ी मेहनत और एकाग्रता का सार्थक परिणाम पेरिस में सामने आया और देश को उन पर गर्व है। गौरतलब है कि पेरिस ओलपिंक में यह भारत के लिए तीसरा पदक है।

## कार्यशाला

छत्तीसगढ़ की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त और विकसित बनाने के लिए आज नवा रायपुर स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान में ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया फाउंडेशन द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का शुभारंभ पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव निहारिका बारीक सिंह ने किया। इस मौके पर पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग ने फाउंडेशन के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस एमओयू का उद्देश्य राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की गति को बढ़ाना और समृद्ध छत्तीसगढ़ का निर्माण करना है। यह समझौता पांच वर्षों के लिए किया गया है। कार्यशाला में ग्रामीण विकास, पर्यावरणीय स्थिरता और सामाजिक प्रगति से जुड़े मुद्दों पर विचार–विमर्श किया गया।

कार्यशाला में उपस्थित अतिथियों ने विकसित छत्तीसगढ़ के लिए गुड गवर्नेंस को बढ़ावा देने और सरकार के सभी विभागों तथा इकाइयों के समन्वित प्रयासों को लागू करने के विषय में अपने व्यख्यान दिए।

## अरूण साव–मुलाकात

उपमुख्यमंत्री अरुण साव बीजापुर में पिछले दिनों आईईडी विस्फोट में मारे गए जवान भरत साहू के रायपुर स्थित घर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात की। श्री साव ने परिजनों से कहा कि सरकार परिवार की हरसंभव मदद करेगी। उन्होंने रायपुर नगर निगम के आयुक्त से चर्चा कर जल्द ही मोवा चौक पर शहीद भरत साहू की मूर्ति स्थापित करने के निर्देश दिए।

इस दौरान उपमुख्यमंत्री श्री साव के साथ रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू और साहू समाज के अनेक पदाधिकारी भी मौजूद थे।

## एकलव्य विद्यालय–काउंसिलिंग

प्रदेश के एकलव्य आवासीय विद्यालयों में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसी कड़ी में राजनांदगांव के एकलव्य आवासीय विद्यालय में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए जिला स्तर पर पांच से आठ अगस्त तक काउंसिलिंग की जाएगी।

वहीं, गौरेला–पेंड्रा–मरवाही के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में मेरिट सूची के आधार पर कल से काउंसलिंग की प्रक्रिया शुरू होगी, जो छह अगस्त तक चलेगी।

## जीएसटी काउंसिल–पुनर्गठन

वस्तु और सेवा कर–जीएसटी में सुधार के लिए ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स–जीओएम का पुनर्गठन किया गया है। इसमें छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी को सदस्य के रूप में नामित किया गया है। इस ग्रुप में दो राज्यों के उपमुख्यमंत्री समेत कुल आठ सदस्य शामिल हैं। इस समिति का मुख्य उद्देश्य जीएसटी कानून, प्रक्रियाओं और नीतियों को प्रभावी बनाने के लिए सिफारिशें प्रदान करना है।

## संपूर्णता अभियान

कोंडागांव जिले के माकड़ी विकासखंड में आज संपूर्णता अभियान के तहत साप्ताहिक बाजार में पीएमश्री स्वामी आत्मानंद स्कूल के विद्यार्थियों और शिक्षको ने नुक्कड़–नाटक प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक किया। संपूर्णता अभियान के नोडल अधिकारी अखिलेश गायधने ने बताया कि इस अभियान की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चार जुलाई को की। तीस सितंबर तक चलने वाले इस अभियान के तहत लोगों को मधुमेह, उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों की रोकथाम और इलाज के साथ ही टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क पोषण आहार, मृदा कार्ड, समूह को सहायता राशि जैसी योजनाओं की जानकारी लोगों को दी जा रही है। कार्यक्रम

में माकड़ी विकासखंड के सरपंच हेमलाल वट्टी और सचिव लक्ष्मण सोरी सहित अन्य हितग्राही भी मौजूद थे।

पुलिस जवान–प्रशिक्षण

प्रदेश में कानून व्यवस्था की वर्तमान स्थिति को देखते हुए धरना प्रर्दशन–जूलुस के दौरान हिसंक भीड़ द्वारा तोडफोड और आगजनी की स्थिति से निपटने के लिए रायपुर और बस्तर संभाग के जिलों के दो सौ तीस पुलिस जवानों का रिफ्रेशर कोर्स आयोजित किया गया। माना के पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में पंद्रह से इकतीस जुलाई तक आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने वर्तमान परिस्थितियो में निर्मित होने वाली कानून व्यवस्था की स्थिति और उससे निपटने के उपाय बताएं। वहीं, नये कानूनों की भी जानकारी दी गई।

केदार कश्यप–पौधारोपण

वन मंत्री केदार कश्यप ने वन विभाग के अधिकारियों की बैठक में निर्देश दिए हैं कि सामाजिक संगठनों और स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत पौधारोपण किया जाए। उन्होंने कहा कि पौधारोपण कार्यक्रम के साथ ही पौधों को सहेजने का अभियान भी चलाया जाए। वन मंत्री ने कहा कि पंद्रह अगस्त को ध्वजारोहण के बाद विशेष रूप से पौधारोपण किया जाए। श्री कश्यप ने कहा कि आने वाले समय में शहीद गुंडाधुर की स्मृति में 'वन सुरक्षा गुण्डाधुर' के माध्यम से वनों की रक्षा सुनिश्चित की जाएगी।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पांच जून को मां को सम्मान देने के उद्देश्य से ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान की शुरुआत की थी।

एनसीसी कैडेट–स्वच्छता अभियान

सैंतीसवीं सीजी बटालियन एनसीसी दुर्ग के निर्देश पर आज भिलाई स्थित सेंट थॉमस महाविद्यालय के एनसीसी कैडेटों द्वारा "स्वच्छता अभियान" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत लोगों को जागरूक करने के लिए भिलाई स्थित रूआबांधा बस्ती में नुक्कड़–नाटक की प्रस्तुति दी गई। साथ ही स्वच्छता अभियान का संदेश जन–जन तक पहुंचाने के लिए एक रैली निकाली गई। एनसीसी कैडेटों द्वारा महाविद्यालय परिसर और आसपास के इलाकों की साफ–सफाई भी की गई।

हाथी हमला–ग्रामीण मौत

जशपुर जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र में बीती रात जंगली हाथी के हमले में एक ग्रामीण की मौत हो गई। बताया जा रहा है यह ग्रामीण अपने परिवार को दूसरी जगह शिफ्ट कर रहा था, इसी दौरान जंगली हाथी ने उस पर हमला कर दिया। इस हाथी ने दस से बारह घरों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है। वन अमला घटनास्थल पर पहुंचा और परिजनों को सहायता राशि दी।

डीएफओ जितेंद्र उपाध्याय ने बताया कि क्षेत्र में पांच से छह दंतैल हाथी विचरण कर रहे हैं। वन विभाग और वन मित्र द्वारा ग्रामीणों को सतर्क कर उन्हें जंगल की ओर नहीं जाने की सलाह दी जा रही है।

मौसम

एक मानसून द्रोणिका श्रीगंगानगर से लेकर उत्तर–पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। वहीं, ऊपरी हवा का एक चक्रीय चक्रवाती घेरा पश्चिम बंगाल और उससे लगे दक्षिण बांग्लादेश के ऊपर बना हुआ है। इसके असर से प्रदेश में कल अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं, बिलासपुर और सरगुजा

संभाग में एक—दो स्थानों पर भारी से अति भारी वर्षा होने और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है।

राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के कुछ स्थानों में बीती रात तेज बारिश हुई। इसके कारण सड़कों और निचली बस्तियों में पानी भर गया। मौसम विभाग ने कल रायपुर में बादल छाए रहने और गरज—चमक के साथ वर्षा होने की संभावना जताई है।

इस बीच, राजस्व और आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक अब तक राज्य में पांच सौ इकयासी मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है।

संक्षिप्त समाचार

— आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहने के आरोप में बलौदाबाजार के आरक्षक वीरेंद्र बघेल को पुलिस अधीक्षक ने बर्खास्त कर दिया है।

— दुर्ग जिले के पाटन में दो अस्पताल, एक लैब और एक क्लीनिक पर नर्सिंग होम एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। आवश्यक दस्तावेज नहीं पाए जाने पर जिला नोडल अधिकारी ने इन चिकित्सा संस्थानों को बंद करा दिया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>